# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/1236 दिनांक 16/05/2013

## // अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **स्नातक – बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम./बी.एससी. (होम साइंस) चतुर्थ सेमेस्टर (नियमित/भूतपूर्व –एकल प्रश्न–पत्र प्रणाली) तथा ए.टी.के.टी. (ऑल्ड कोर्स) परीक्षा जून–2013** की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैं:–

| विवरण | | परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|
| | **तिथि एवं शुल्क विवरण** | **बी.एससी. /बी.एससी. (होमसाइंस)** | **बी.ए.** | **बी.कॉम.** |
| परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की तिथि | तिथि | 27.05.2013 | 27.05.2013 | 27.05.2013 |
| | **तृतीय सेमेस्टर की मूल परीक्षा शुल्क में की गयी कमी का लाभ छात्र को चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा शुल्क में प्रदान करने के उपरान्त परीक्षा शुल्क निम्न प्रकार हैः–** | | | |
| | नियमित छात्र का परीक्षा शुल्क | रूपये 1095/– | रूपये 635/– | रूपये 635/– |
| | भूतपूर्व छात्र का परीक्षा शुल्क | रूपये 1395/– | रूपये 935/– | रूपये 935/– |
| | एटीकेटी (ऑल्ड कोर्स) | रूपये 550/– प्रति विषय | रूपये 550/– प्रति विषय | रूपये 550/– प्रति विषय |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | तिथि | 29.05.2013 | 29.05.2013 | 29.05.2013 |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 1000/– के साथ विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | तिथि | 31.05.2013 | 31.05.2013 | 31.05.2013 |
| विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन पत्र अपडेट **(UPDATE)** करने के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि | तिथि | 03.06.2013 | | |

**नोट :– इसके अतिरिक्त परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क 60/–रू0 नियमित परीक्षार्थी, 80/–रू0 भूतपूर्व/एटीकेटी परीक्षार्थी एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रू0 तथा परीक्षा संचालन शुल्क 100/– रू0 प्रति परीक्षार्थी शुल्क लिया जाना है, जिसमें से 110/– रुपये की राशि चालान फार्म में से कम कर दी गयी है, जिसका भुगतान महाविद्यालय द्वारा छात्रों से लिया जावेगा।**

## विशेष नोट :–

ऑनलाइन परीक्षा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिये महाविद्यालयों के कम्प्यूटर यूजर्स को विशेष दिशा–निर्देश जारी किये जा रहे हैं, जिन्हें अनिवार्य रूप से समस्त कम्प्यूटर यूजर्स अपनायें, जिससे परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र भरने संबंधी आ रही समस्याओं का निराकरण महाविद्यालय स्तर पर ही किया जा सके:–

(1) उपर्युक्त परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र समस्त महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu/www.univindia पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। संबंधित महाविद्यालय आवेदन–पत्रों को वेबसाइट से डाउनलोड कर छात्रों को वितरित करें तथा छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र वेबसाइट पर अपडेट करने के उपरांत अपडेट किये आवेदन–पत्रों की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकालकर अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में संबंधित कक्षा प्रभारी/कर्मचारी के पास निश्चित तिथि तक जमा करायें।

(2) विश्वविद्यालय की परीक्षा संबंधी वेबसाइट www.jiwaji.edu/www.univindia.com में **New Exam Form** ऑप्सन (प्रथम सेमेस्टर की रेग्यूलर कक्षाओं को छोड़कर) प्रारम्भ किया गया था। **इस ऑप्सन के माध्यम से अगर किसी छात्र का परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन प्राप्त नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में इस ऑप्सन का उपयोग कर छात्र का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भर सकते हैं तथा Print Exam Form ऑप्सन से परीक्षा आवेदन–पत्र एवं चालान फार्म प्रिन्ट कर छात्र को वितरित कर सकते हैं।**

(3) प्रायः देखने में आ रहा है कि विश्वविद्यालय द्वारा जब भी **ए.टी.के.टी. (A.T.K.T.)** कक्षाओं के परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथि घोषित की जाती है, उसी समय से छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र संबंधी समस्याएँ बढ़ जाती हैं। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिये विश्वविद्यालय द्वारा एक नवीन ऑप्सन **Update Subject & Category** को प्रारम्भ किया गया था, जिसमें परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जा सके:–

(i) सर्वप्रथम, **ए.टी.के.टी. (ATKT)** कक्षाओं के परीक्षा आवेदन–पत्र प्रिन्ट करने से पूर्व कम्प्यूटर यूजर्स **Update Subject & Category** ऑप्सन में जाकर समस्त छात्रों का **STATUS – – B.P./SUPP.** कर दें।

(ii) उसके उपरांत कम्प्यूटर में अगला ऑप्सन **(Have you applied for Enrollment No. --- Already enrolled/Applied/Yes/No)** प्रदर्शित होगा, जिसमें **Already enrolled** अथवा **'Yes'** करते ही छात्र का नामांकन नंबर भरना अनिवार्य होगा। अगर आपने **'No'** किया तो कम्प्यूटर नामांकन फीस जोड़ देगा, जिसकी जिम्मेदारी महाविद्यालय के प्राचार्य/अग्रेषणकर्त्ता अथवा संबंधित छात्र की होगी। **'Applied'** ऑप्सन का उपयोग मात्र सत्र 2012–13 में नवीन प्रवेशित छात्रों के लिये करना होगा।

(iii) महाविद्यालय के कम्प्यूटर यूजर्स छात्र के परीक्षा आवेदन–पत्र में दर्शाये गये विषय **(SUBJECT)** चैक कर लें, कि कहीं छात्र के पेपरों के नाम गलत तो नहीं आ रहे हैं और यदि गलत आ रहे हैं तो पेपरों के नाम छात्र की अंकसूची देखकर सही अपडेट कर दें। उसके उपरांत ही छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र **Print Exam Form** ऑप्सन से प्रिन्ट निकालें और छात्रों को वितरित करें।

3. **समस्त प्राचार्यगण अपने कम्प्यूटर यूजर्स को विशेष दिशा–निर्देश जारी करें, जिसमें कहें कि परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन अपडेट करते समय समस्त जानकारियों को सही–सही अपडेट करें तथा छात्र–छात्राओं की हायर सेकेण्डरी की अंकसूची के आधार पर छात्र का नाम/पिता का नाम/माता का नाम आदि की स्पेलिंग अनिवार्य रूप चैक कर लें। साथ ही छात्र–छात्राओं का नवीनतम फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से अपडेट करें।**

4. ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय में आये दिन छात्र–छात्राओं द्वारा शिकायत की जाती है कि अंकसूची में छात्र का नाम/पिता का नाम/माता का नाम में स्पेलिंग की त्रुटियां रह जाती हैं, इस कारण छात्र–छात्राओं को विश्वविद्यालय आकर दुबारा अंकसूची बनवानी पड़ती है, जिसमें परीक्षार्थियों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर छात्र का नाम/पिता का नाम/माता के नाम में किसी भी प्रकार की स्पेलिंग संबंधी त्रुटि पायी जाती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय के अग्रेषणकर्त्ता/प्राचार्य की होगी। ऐसी परिस्थिति में महाविद्यालय को दिये जाने वाला संबंधित छात्र का अग्रेषण शुल्क नहीं दिया जावेगा।

5. **स्नातक – बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम./बी.एससी. (होम साइंस) चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षायें दिनांक 05 जून 2013 से प्रारंभ होना प्रस्तावित है जिसका विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम शीघ्र प्रसारित किया जायेगा।**

सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित।

C.Shinde

**परीक्षा नियंत्रक,**

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/1237 — दिनांक : 16/05/2013

प्रतिलिपि :–

1. संपादक महोदय, दैनिक .............................................................. की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
11. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा)**